आकाशवाणी शिमला
09.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

विधानसभा उपचुनाव

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में कल 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए राज्य निर्वाचन विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मतदान सुबह सात बजे से शाम 6 बजे तक होगा। उपचुनाव की मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि मतदान के लिए तीन सौ 15 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मनीष गर्ग ने बताया कि इनमें में से 23 मतदान केंद्र संवेदनशील है जहां अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की गई है और सभी मतदान केंद्रों पर वैब कास्टिंग सुनिश्चित की गई है।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में सेब के लिए टेलिस्कोपिक कार्टन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस वर्ष सेब को यूनिवर्सल कार्टन में बेचने का निर्णय लिया है, जिसे विभाग द्वारा सख्ती से लागू किया जाएगा। जगत सिंह नेगी ने कहा कि कुछ लोग यूनिवर्सल कार्टन को लेकर बागवानों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि प्रदेश सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन लागू करने का फैसला बागवानों और बागवानी से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स के साथ विचार विमर्श करने के बाद लिया है। उन्होंने बागवानों को अफवाहों से बचने और जागरूक रहने की सलाह दी है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन भ्रष्टाचार के मामले सामने आ रहे हैं और इन मामलों में मुख्यमंत्री का नाम सामने आना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार से हर वर्ग परेशान है और अब लोगों ने इस भ्रष्टाचारी सरकार को पूरी तरह नकार दिया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि राज्य सरकार सत्ता का दुरूपयोग कर रही है और सरकार ने तानाशाही की सारी सीमाएं लांघ दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं और सरकार युवाओं, किसानों, बागवानों और बेरोजगारों के साथ धोखा कर रही है।

कंगना रनौत

मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद कंगना रणौत ने कहा है कि कुल्लू शहर में कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित करने के लिए वन विभाग से भूमि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आज कुल्लू में उपायुक्त तोरूल एस रवीश से मुलाकात कर इस समस्या के समाधान के लिए ज़रूरी विषयों पर चर्चा की। कंगना रनौत ने कहा कि कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित करने के लिए किसी से भी जबरन भूमि नहीं ली जा सकती। उन्होंने कहा कि इंदौर की तर्ज पर कुल्लू में भी आधुनिक कूड़ा संयंत्र स्थापित करने के प्रयास तेज़ किए जाएंगे। गौरतलब है कि कुल्लू शहर में पिछले लम्बे समय से कूड़ा संयंत्र केंद्र स्थापित करने को लेकर नगर परिषद को विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

भर्ती

भारतीय सेना में अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2024–25 के लिए सोलन, शिमला, सिरमौर और किन्नौर जिलों के ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास किए उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन 3 से 9 सितम्बर तक किया जाएगा। भर्ती निदेशक शिमला ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा में सफल हुए सभी उम्मीदवार अपने सिविल दस्तावेजों के सत्यापन अवश्य साथ लाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सूचना उम्मीदवारों के मोबाइल पर एस.एम.एस. या उनके पंजीकृत ईमेल आई.डी. पर भी भेजी जाएगी।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ स्थानों पर रूक–रूककर हल्की वर्षा हो रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान नादौन में सर्वाधिक 34 दशमलव पांच मिलीमीटर, वांगतू में 32 दशमलव 8, अग्घार में 21 दशमलव 4, भोरंज में 16, कसौली में 15 जबकि नाहन में 13 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में प्रदेश में मानसून के फिर से रफ्तार पकड़ने का अनुमान लगाया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 10 जुलाई के बाद तीन दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में भारी वर्षा होने की संभावना है। इस बीच राजधानी शिमला के रिप्पन अस्पताल के नजदीक निर्माणाधीन पार्किंग के पास बीती रात भूस्खलन हुआ। हालांकि इस दौरान किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। वहीं शिमला के लक्कड़ बाजार स्थित पुराने बस अड्डे के पास भूस्खलन के कारण करीब 8 दुकानों को खतरा पैदा हो गया है। ऐसे में नगर निगम ने एहतियात के तौर पर इन दुकानों को खाली करने के आदेश दिए हैं और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

———————————————————————